# Banasthali Vidyapith

Imparting Five Fold Education since 1935


P.O. Banasthali Vidyapith - 304 022 (Rajasthan)
Ph. +91 1438 228456 / 228341 Visit us at: www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official


www.banasthali.org

# वनस्थली विद्यापीठ
# Banasthali Vidyapith



## विवरण पत्रिका 2025-26 Prospectus

विद्यालय शिक्षा — School Education

# जीवन की ज्योति

तुम्हारी-सी जीवन की ज्योति,
हमारे जीवन में उतरे।
तुम्हारे ही नयनों का आज,
हो रहा यह सपना साकार।
बह रही है इस मरु में आज,
यहाँ निर्मल गंगा की धार।
बहाती वह मिट्टी का पाप,
धरा पर स्वर्ग-लहर लहरें।
तुम्हारी-सी जीवन की ज्योति...
अधखिली प्यारी कलिका एक,
हुई कुम्हला कर अन्तर्धान।
शोक बीता, छाया उल्लास,
यहाँ लहलहा उठा उद्यान।
बसे फूलों में अमर सुगन्ध,
विश्व की दिशा-दिशा में भरे।
तुम्हारी-सी जीवन की ज्योति...
लगा जो गये यहाँ पर बीज,
तुम्हारे वे लघु कर कमनीय।
बन गया वह विराट् वट-वृक्ष
सुशीतल छाया से महनीय।
मिटाता जीवन का सब ताप,
जगत् का चिर अवसाद हरे।
तुम्हारी-सी जीवन की ज्योति...
पा रहे पुण्य-स्नेह का दान,
रहे अन्तर के सदा समीप।
उठे घर-घर, समाज में जाग,
जल उठे जो ये शत-शत दीप।
कि 'सा विद्या या विमुक्तये',
शुभ्र इनका आलोक करे।
तुम्हारी-सी जीवन की ज्योति...



शाश्वत शांताबाई

Eternal Shantabai

# वनस्थली विद्यापीठ
# Banasthali Vidyapith

## विवरण पत्रिका
2025-26
## Prospectus

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | संस्थापक | 4 |
| 2. | महिला शिक्षा का अनुपम संस्थान | 10 |
| 3. | पंचमुखी शिक्षा | 12 |
| 4. | विद्यालयी शिक्षा कार्यक्रम | 16 |
| 5. | शैक्षिक कार्यक्रम | 22 |
| 6. | प्रवेश-प्रक्रिया | 30 |
| 7. | शुल्क | 38 |
| 8. | शैक्षिक परिसर एवं छात्रावास संबंधी नियम | 44 |
| 9. | वेशभूषा एवं यूनिफार्म | 50 |
| 10. | साप्ताहिक एवं अन्य अवकाश | 54 |
| 11. | कैसे पहुँचें वनस्थली? | 56 |
| 12. | सामान्य सूचना एवं महत्त्वपूर्ण टेलीफोन नं. | 58 |









# INDEX


| Sl. | | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | Our founders | 5 |
| 2. | The national institutions for women education | 11 |
| 3. | Five Fold Education | 13 |
| 4. | Current School Education Programme | 17 |
| 5. | Academic Programme | 23 |
| 6. | Admission procedure | 31 |
| 7. | Fee | 39 |
| 8. | Academic, Campus and Hostel rules | 45 |
| 9. | Dress code and uniform | 51 |
| 10. | List of Holidays | 55 |
| 11. | How to reach Banasthali? | 57 |
| 12. | General information & important telephone numbers | 59 |

# पण्डित हीरालाल शास्त्री



पं. हीरालाल शास्त्रीजी का जन्म 24 नवम्बर, 1899 को जयपुर जिले में जोबनेर के एक किसान परिवार में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जोबनेर में हुई। 1920 में उन्होंने साहित्य - शास्त्री की डिग्री प्राप्त की। 1921 में उन्होंने जयपुर के महाराजा कॉलेज से बी.ए. किया और इस परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

पं. हीरालाल शास्त्रीजी की बचपन से ही यह उत्कट अभिलाषा थी कि वे किसी गाँव में जाकर दीन-दलितों की सेवा में अपना सारा जीवन लगा दें। हालाँकि 1921 में वे जयपुर राज्य सेवा में आ गए और बड़ी तेजी से उन्नति करते हुए गृह और विदेश विभागों में सचिव बने फिर 1927 में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। प्रशासनिक सेवा के दौरान उन्होंने बड़ी मेहनत, कार्यकुशलता और निर्भीकता से काम किया।


1929 में पं. हीरालाल शास्त्रीजी ने अपने बचपन का संकल्प पूरा करने के उद्देश्य से जयपुर से 45 मील की दूरी पर स्थित 'बन्थली' नामक एक दूरवर्ती और पिछड़े गाँव को चुना और वहाँ 'जीवन - कुटीर' की स्थापना की। उन्होंने वहाँ निष्ठावान सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक दल को प्रशिक्षित किया और गाँवों के पुनर्निर्माण के लिए एक कार्यक्रम के कार्यान्वयन का प्रयास किया। यही कार्यकर्ता बाद में राजपुताना की कई रियासतों में राजनैतिक जागरूकता के अग्रदूत बने। 1937 में उन्हें जयपुर राज्य प्रजा मण्डल का पुनर्गठन करने का भार सौंपा गया। वे इस मंडल के दो बार महामंत्री और दो बार अध्यक्ष चुने गए। इस प्रकार उन्हें स्वयं राजनैतिक क्षेत्र में उतरना पड़ा। 1939 में नागरिक स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए उन्होंने प्रजा मंडल के सत्याग्रह का नेतृत्व किया और उन्हें छह महीने की कैद हुई। 1947 में उन्हें अखिल भारतीय देशी राज्य प्रजा परिषद् का महामंत्री बनाया गया। उसी वर्ष वे संविधान सभा के लिए चुने गए।

1948 में जयपुर रियासत में प्रतिनिधि सरकार बनने पर पं. हीरालाल शास्त्री ने उसके मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला और 30 मार्च, 1949 को जब राजस्थान राज्य का निर्माण हुआ तो वे उसके प्रथम मुख्यमंत्री बने। विभिन्न रियासतों को भारत संघ में मिलाने और तत्कालीन प्रशासन को प्रभावशाली प्रशासन का रूप देने के अत्यन्त कठिन कार्य की जिम्मेदारी उन्हीं पर आई। उन्होंने यह जटिल कार्य थोड़े ही समय में पूरा कर लिया। 05 जनवरी, 1951 को उन्होंने इस्तीफा दे दिया और बाद में दूसरी लोकसभा के सदस्य बने।

पं. हीरालाल शास्त्रीजी ने वनस्थली विद्यापीठ की स्थापना सन् 1935 में की थी। विद्यापीठ ने आज नारी शिक्षा की एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्था का रूप ले लिया है।

पं. हीरालाल शास्त्रीजी का देहावसान 28 दिसम्बर, 1974 को हुआ। पं. हीरालाल शास्त्री जी बड़े दूरदर्शी और जनप्रिय नेता रहे। वे अपने विचार व्यक्त करने में स्पष्टवादी और निर्भीक, हृदय से सच्चे भारतीय तथा निः स्वार्थ समाजसेवी बने रहे। शक्तिशाली, सुसंगठित और प्रगतिशील राजस्थान की नींव डालने का अधिकांश श्रेय उन्हीं को है।

डाक-तार विभाग ने पं. हीरालाल शास्त्री के सम्मान में एक स्मारक डाक-टिकट भी जारी किया है।






# Pandit Hiralal Shastri

Hiralal Shastri was born on November 24, 1899 at Jobner in Jaipur District, Born in a peasant family, he had his early education in Jobner. Hiralal secured the degree of Sahitya Shastri in 1920. He took B.A. degree in 1921 from Maharaja's College, Jaipur, securing the first rank.

From early childhood Pandit Hiralal Shastri had a burning desire to go to some village and devote his life to the service of the down-trodden. Though he joined Jaipur State Service in 1921 and had a meteoric rise to become Secretary in the Home and Foreign Departments, he resigned the same in 1927. While in administrative service he displayed qualities of hard work, efficiency and fearlessness.

In 1929, in fulfilment of his childhood resolve, Pandit Hiralal Shastri selected a remote and backward village Banthali 45 miles from Jaipur and founded 'Jeevan Kutir' there. Here he trained a band of dedicated social workers and endeavoured to implement a programme of rural reconstruction. These workers later became the heralds of political awakening in many of the Rajputana States. He himself was drawn to political arena when he was given the responsibility to re-organise Jaipur Rajya Praja Mandal in 1937 of which he was twice elected General Secretary and twice President.


In 1939 he led the Praja Mandal's Satyagraha for achievement of civil liberties and suffered a six month imprisonment. In 1947 he was appointed General Secretary of All India States Peoples Conference. The same year he was elected to the Constituent Assembly.

On the installation of representative Government in Jaipur State in 1948 Pandit Hiralal Shastri took over as the Chief Minister and when Rajasthan State was formed on March 30, 1949 he became its first Chief Minister. On him fell the herculean task of integrating the diverse princely units into effective modern administration. He accomplished this task ably in a short period. He resigned on January 5, 1951 and later became member of Second Lok Shabha.

Banasthali Vidyapith, founded by Pandit Hiralal Shastri, has today become a premier national institution for women's education.

Pandit Hiralal Shastriji passed away on December 28, 1974. Forthright and fearless in his views, an Indian to the core of his heart, a selfless social worker, Pandit Hiralal Shastri was a farsighted and popular leader. To him goes largely the credit of laying the foundation of strong, unified and progressive Rajasthan.

The Post & Telegraph Department feels privileged to bring out a Commemorative postage stamp in honour of Pandit Hiralal Shastri.








# श्रीमती रतन शास्त्री



स्कूल मास्टर के मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मी रतनजी की परवरिश ममता और अनुशासन के मिले-जुले वातावरण में हुई जो कि समृद्ध व्यक्तित्व के विकास के लिए सर्वथा अनुकूल था। छोटी उम्र में ही विवाह हो जाने से उनकी औपचारिक शिक्षा नहीं के बराबर हुई किन्तु शिक्षा इन्सान में निहित परिपूर्णता का ही प्रकट रूप है, इस दृष्टि से उन्हें शिक्षा विभूषित ही माना जाना चाहिए। इसीलिए जब उनके पति महोदय ने भूतपूर्व जयपुर रियासत के गृह एवं विदेश विभाग के प्रतिष्ठा-प्राप्त सचिव पद से त्यागपत्र देकर एक छोटे से दूर-दराज के, पिछड़े हुए गाँव में ग्रामीण पुनर्रचना के कार्य को समर्पित होना चाहा, तो रतनजी ने भी तमाम कठिनाइयों और कष्टों में उनका साथ दिया।

शहर से दूर यह छोटा-सा गाँव था बन्थली, जहाँ सिर्फ बैलगाड़ी में ही जाया जा सकता था। इस गाँव में शास्त्री दंपति ने अपनी ही जैसी लगन के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर अन्य गाँवों के विकास कार्य के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

1929 के उस जमाने के राजस्थान में एक मध्यमवर्गीय महिला द्वारा पर्दे के चलन को और गहनों को त्याग देना बहुत बड़े साहस का काम था। औरों के सामने आदर्श रख, उसके अनुसार कार्य करने के लिये उन्हें प्रेरित करना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि थी। इस प्रकार, उन कठिन दिनों में भी कई महिला कार्यकर्ता सामाजिक कार्य करने के लिये तैयार हुईं।

गाँव में जो काम शास्त्री दंपति ने आरंभ किया, उसमें खादी और आत्मनिर्भरता, साक्षरता प्रसार, डाक्टरी सहायता तथा सामाजिक एवं राजनीतिक जागरण के कार्यक्रम शामिल थे। 1929 में शास्त्री दंपति ने ग्रामीण पुनर्निर्माण तथा देश के अन्य भागों में ऐसे ही कार्यों को फैलाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से 'जीवन-कुटीर' नामक संस्था की स्थापना की।

शास्त्री दंपति की पुत्री शांता की 12 वर्ष की छोटी आयु में असमय मृत्यु हो गई। शांता छोटे बच्चों को पढ़ाने में रुचि रखती थी, स्कूल खोलने का सपना देखती थी और इस स्कूल के लिए उसने अपने हाथों से 600 ईंटें भी बनायी थीं। रतनजी ने शांता का अधूरा सपना पूरा करने की प्रतिज्ञा कर ली।

यही है उस वनस्थली विद्यापीठ की जन्म कहानी जिसको लेकर रतनजी का नाम आज चारों तरफ पहुँचा हुआ है। महिलाओं की शिक्षा एवं प्रशिक्षण की एक राष्ट्रीय संस्था के रूप में इस विद्यापीठ की स्थापना 1935 में की गयी। इस नये कार्यक्रम में व्यस्त रहते हुए भी उन दिनों श्रीमती शास्त्री ने जयपुर सत्याग्रह के संगठन में प्रमुख हिस्सा लिया।

विद्यापीठ एक ऐसा अनोखा शिक्षा केन्द्र है, जहाँ महिलाओं के लिए नर्सरी से लेकर स्नातकोत्तर शिक्षा तक की सुविधा है और भारत की बुनियादी संस्कृति एवं परंपरा को हानि पहुँचाये बगैर यहाँ लड़कियों को आधुनिक शिक्षा दी जाती है।

विद्यापीठ पूरब के आध्यात्मिक और पश्चिम के वैज्ञानिक मूल्यों के सुव्यवस्थित मेल पर बल देता है। जनतांत्रिक मूल्यों में तथा सभी धर्मों की सारभूत एकता में श्रद्धा का निर्माण करता है और राष्ट्रीय एकात्मता के भाव के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय सदिच्छा और समझ को दृढ़ करता है।

छात्रावास का सामूहिक जीवन तथा विभिन्न भाषा बोलने वाली, विभिन्न जातियों, धर्मों, संप्रदायों का पालन करने वाली छात्राओं का एक ही शिक्षा क्रम का साथ-साथ अध्ययन, अपने आप में उपयुक्त श्रद्धा पैदा करने का प्राकृतिक अवसर प्रदान करता है।

1935 में जब विद्यापीठ की स्थापना हुई थी, उस समय घर की चारदीवारी में बंद लड़कियों को विद्यापीठ में ले आना और उन्हें साधारण रूप में पढ़ाना अपने आप में बहुत भारी काम था। हालाँकि उस समय भी विद्यापीठ का उद्देश्य लड़कियों को ऐसी शिक्षा देना ही रहा, जिससे उन्हें समाज में सम्मान और समान स्थान मिल सके। अब समय के साथ बदलते संदर्भों में लड़कियों को सिर्फ सामान्य रूप से शिक्षित करने से काम नहीं चलता, बल्कि दिनोंदिन अधिकाधिक स्पर्धात्मक बनते जा रहे समाज में स्पर्धा का सामना करने की क्षमता उनमें समान रूप से पैदा करना विद्यापीठ का उद्देश्य बना है।

आधुनिक समाज में मूल्यों को लेकर संकट की जो स्थिति पैदा हो गई है, उससे विद्यापीठ भली-भाँति परिचित है। उसकी राय में इस स्थिति का सामना करने के सक्षम साधनों में से एक है शिक्षा। इसलिए छात्राओं में उचित मूल्यों के प्रति अहसास जगाने की अत्यधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विद्यापीठ का पूरा शैक्षणिक प्रयास और कार्यक्रम जारी है। इसी संदर्भ में विद्यापीठ पूरब के आध्यात्मिक और पश्चिम के वैज्ञानिक मूल्यों के सुव्यवस्थित संयोग, सादा और सहज रहन-सहन तथा व्यक्ति की स्वतंत्रता और उसके सामाजिक उत्तरदायित्व में संतुलन प्रस्थापित करने के प्रयास पर बल देता है।

इस तरह महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में वनस्थली का कार्य अपने आप में विशेष प्रकार का कार्य है। इसे साधारण स्वरूप का काम नहीं माना जा सकता और न ही इसे सिर्फ समाज कल्याणकारी।

भारत सरकार ने उन्हें 1955 में पद्मश्री से तथा 1975 में पद्मभूषण से सम्मानित कर उनके कार्य को गौरव प्रदान किया। 1990 में आप जमनालाल बजाज पुरस्कार से सम्मानित की गयीं।

श्रीमती रतन शास्त्री का देहावसान 29 सितम्बर, 1998 को हुआ। आपका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ विद्यापीठ परिसर में 30 सितम्बर, 1998 को सम्पन्न हुआ।







# Smt. Ratan Shastri



Born in middle class family of school teacher, Ratanji was brought up with that blending of affection and discipline which is congenial for the development of a rounded personality. She could get little formal education owing to her early marriage but she is a true example of education as the "manifestation of perfection already in man".

That is why when her husband resigned from the prestigious post of Secretary in Home and Foreign Department of former Jaipur State, with a view to take up a programme of village reconstruction in a small, remote backward village, she welcomed the move and stood by him amidst all the troubles and tribulations.

For seven years the Shastris made Banasthali, a very small village, far way from any town and which could be reached only by bulllock cart, their field of activity. There, they trained a group of like-minded workers for taking up similar programme in other villages.

Giving up Purdah and ornaments in the Rajasthan of those times (1929) by a middle class woman in itself was an act of great courage. Creating an example for others and persuading others to do so was a great achievement. A number of women workers thus prepared to take up work in society in those difficult days.

The programme that the Shastris took up in the village involved Khadi and self reliance, literacy and medical relief, and social and political awakening. An institution called, Jiwan Kutir was founded by the Shastris in 1929 for rural reconstruction work and for training of workers for similar work in other parts of the country.

The Shastris lost their daughter, Shanta, at the tender age of 12, Shanta had evinced a great interest in teaching young children and wanted a room for her school for which she had even prepared 600 mud bricks with her own hand. Ratanji took upon herself the task of translating Shanta's dream into reality.

This was the genesis of the Banasthali Vidyapith for which Ratanji has earned fame. The Vidyapith, a national institution for education and training of women was founded in 1935. While being busy with his newly started venture Smt. Shastri also took a leading part in organising the Jaipur Satyagraha.

The Vidyapith is a unique centre for learning, from Nursery to the Post-graduate stage, offering to girls modern education without sacrificing India's basic cultural tradition. Some of its significant aspects are mentioned below.

It emphasizes a synthesis of the spiritual and scientific values of East and West, it inculcates faith in democratic values, in the essential unity of all religions, and in fostering a sprit of national integration alongwith that of international goodwill and understanding. Community life in the hostels and studying together under a common educational programme of students speaking different languages and belonging to different casts, creeds, and religions provide a very natural environment for inculcating the above faith.

The educational thinking and programme of the Vidyapith is based on the principles of progressive education, It has developed its programme of Panchmukhi Shiksha consisting of Physical, Practical, Aesthetic, and a varied range of co-curricular activities (like : Sanganeri Printing, Clay-modelling, Papier-mache, Batik, Yogic Asanas, Swimming, Boating, Cycling, Riding, Flying, Shooting, Kathak, Manipuri, Bhartnatyam Dances), providing the students with a number of alternatives as means to their personality development.

The social, practical and productive aspects of education are equally emphasised. Work experience and social service are given their due place in the Vidyapith's educational programme.

When the Vidyapith was established in 1935 bringing out girls from secluded homes and providing them general education it was in itself a stupendous task. Even then the Vidyapith had aimed at providing the girls with an education which will enable them to secure a place of honour and equality in the society. In the changed context this means that the girls should not simply be provided with general education but should be given education which will enable them to compete on equal terms in a society which is becoming more and more competitive.

The Vidyapith is deeply conscious of the crisis of values that mark the modern society. In its view education is one of the potent instruments for trying to meet this crisis. Hence the Vidyapith's entire educational effort and programmes have in view this imperative need of creating a proper sense of values among the students. In this context it emphasizes a harmonious balance of the spiritual and scientific values of East and West, simple and natural living and an attempt to strike a balance between individual freedom and social responsibility designed to achieve the above objectives.

Thus Banasthali's work in the field of women's education has been of a special type. It cannot be classified as routine type of work. It also cannot be classified as social welfare type of work. It is a unique blending of the two types.

The Vidyapith has now been recognised as an institution deemed to be University.

Smt. Shastri has been a member of several prominent State and Central level Boards and Committees in the field of social welfare and education.

AWARDS/PRIZES, ETC RECEIVED EARLIER :
Padma Shri (1955), Padma Bhusan (1975)

# श्रीमती रतन शास्त्री के सम्मान में प्रशस्ति-पत्र

शिक्षा इन्सान में निहित सद्भावना और संस्कार की परिपूर्णता का प्रकट रूप है। स्वयं औपचारिक शिक्षा से मंडित न होते हुए भी श्रीमती रतन शास्त्री ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने इस रूप का परिचय दिया है। 1935 में उनके द्वारा महिलाओं के लिए स्थापित वनस्थली विद्यापीठ, जो आज विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त कर चुका है, श्रीमती रतन शास्त्री की इसी सद्भावना, संस्कार तथा अथक लगन का दृश्य प्रतीक है।

आज से चालीस-पचास वर्ष पहले के ज़माने के राजस्थान में, लड़कियों को पर्दे से और घर की चारदीवारी से बाहर निकाल साथ-साथ बैठ कर पढ़ने के लिए प्रेरित करना अपने आप में बहुत बड़ी एवं क्रांतिकारी उपलब्धि थी। इसका आदर्श उन्होंने स्वयं पर्दा करना बंद कर और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जयपुर सत्याग्रह में भाग लेकर अन्य महिलाओं के सामने रखा।

वनस्थली विद्यापीठ अपने आरंभ से ही भारत की बुनियादी सांस्कृतिक परंपरा के तथा आज के भारतीय समाज में आधुनिक शिक्षा प्रचार के महत्त्व को समझते हुए छात्राओं के व्यक्तित्व - विकास के लिए प्रयासशील रहा है। यह विद्यापीठ नर्सरी से स्नातकोत्तर साधारण शिक्षा के अतिरिक्त ऐसी विविध गतिविधियाँ आयोजित करता है, जो छात्राओं को जीवन में आत्मनिर्भर तो बनाती ही हैं, कला के स्पर्श से उस जीवन को सुचारु एवं रोचक बना देती हैं।

आज, जब जीवन-मूल्यों को टूटते, आपस में टकराकर बिखरते देख हर इन्सान के अंदर एक बेचैनी, हताशा जन्म ले रही है, ऐसे माहौल में श्रीमती शास्त्री की पिछले चार-पाँच दशकों से चली आ रही यह प्रगतिशील प्रयास-यात्रा उनके विचार और आचार की दृढ़ता का परिचय देते हुए, आशा की रोशनी जगाती है। वनस्थली के शिक्षाक्रम में पूरब के आध्यात्मिक और पश्चिम के वैज्ञानिक दृष्टिकोण के मेल का आग्रह रख, शिक्षा की जिस प्रणाली को उन्होंने प्रचलित किया है, उसके जरिए छात्राओं में जनतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकात्मता, सब धर्मों की सारभूत एकता और अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के बीज बोये जाते हैं। छात्राओं के व्यक्तित्व के सभी पहलुओं के एकात्मिक विकास करने पर बल दिया जाता है, एवं उनके मन में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी जागृत की जाती है। इस परस्पर निर्भर प्रयास में श्रीमती शास्त्री के सशक्त विचार ही प्रतिबिंबित हैं।

महिला शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये इस योगदान के अलावा श्रीमती शास्त्री ने वनस्थली ग्राम के विकास के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये, जिनमें खादी एवं आत्मनिर्भरता, साक्षरता प्रसार, डॉक्टरी सहायता आदि प्रमुख हैं।

महिला व बालकल्याण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए जमनालाल बजाज पुरस्कार हेतु श्रीमती रतन शास्त्री का चयन कर फाउण्डेशन के ट्रस्टीगण, महिलाओं का सामाजिक स्तर बढ़ाने के लिए उनके द्वारा की गयी निःस्वार्थ एवं सुनियोजित सेवा को सम्मानित कर स्वयं को धन्य मानते हैं।



# Citation in Honour of Smt. Ratan Shastri

JAMNALAL BAJAJ AWARD FOR OUTSTANDING CONTRIBUTION IN THE FIELD OF UPLIFT AND WELFARE OF WOMEN AND CHILDREN

Education is interpreted as the manifestation of perfection in man. Smt. Ratan Shastri most eminently embodies this idea, though she has had little formal education. The Banasthali Vidyapith, which she founded in 1935 for promoting women's education and which has now acquired the status of a 'Deemed University', is a symbol of her noble mind, integrity and tireless devotion.

It was, indeed, a great and revolutionary achievement on the part of Smt. Ratan Shastri that, in tradition-ridden Rajasthan, she persuaded the womenfolk to discard the purdah system and come out of the four walls of their houses with a view to studying together. She set an example in this regard by discontinuing the purdah herself and taking part in the Jaipur Satyagraha during the freedom struggle.

Right from its inception the Banasthali Vidyapith rightly recognised the importance of integrating the basic cultural traditions of India with the concepts of modern education in its academic and co-curricular programmes for brining about the development of personality of its students. Apart from providing general education from the Nursery to the post-graduate level, the Vidyapith organises varied activities which not only make the female student self-reliant, but also add a touch of the finer elements of art and culture to make their lives more beautiful and meaningful.

Today, in a situation in which everyone feels restless and frustrated over the breakdown and disintegration of values, the progressive efforts of Smt. Ratan Shastri over the last five decades provide ample evidence of the firmness of her mind, character and practical conduct and also offer a ray of hope. She insisted that courses of study at Banasthali should be based on a synthesis between the spiritual approach of East and the scientific outlook of the West. This educational philosophy of hers nurtures democratic values, national integration, universal religious harmony and international goodwill in the minds of the students. Great emphasis is placed on the integrated development of the various facets of personality of the students, and equally on creating consciousness in their minds about their social responsibility. The persuit of these mutually related goals reflects the strength of Smt. Shastri's lofty vision.

Besides contributing to the cause of women's education, Smt. Shastri carried out a number of programmes for the development of Banasthali Village. Khadi and self-reliance, literacy drive, medical assistance and the like being more marked among them.

By selecting Smt. Ratan Shastri for the Jamnalal Bajaj Award for outstanding contribution in the field of uplift and welfare of women and children, the Trustees of the Foundation feel honoured to recognise her selfless and well-planned services for uplifting the social status of women.



# वनस्थली विद्यापीठ
## महिला शिक्षा का अनुपम संस्थान

वनस्थली विद्यापीठ एक राष्ट्रीय शिक्षण संस्था है, जहाँ छात्राओं को प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर पीएच.डी. स्तर की शिक्षा प्रदान की जाती है।

यह संस्था छात्राओं को शिक्षण के लिए उचित वातावरण प्रदान करती है। वनस्थली विद्यापीठ का उद्देश्य भारतीय जीवन शैली एवं भारतीय संस्कृति के आधारभूत मूल्यों व आदर्शों के आधारभूत तथ्यों की दृढ़ नींव डालते हुए छात्राओं को जीवन-पर्यन्त उत्साही व जिज्ञासु बनने के लिए प्रेरित करना है। विद्यापीठ का लक्ष्य पूर्व और पश्चिम की आध्यात्मिक विरासत एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के समन्वय के संदर्भ में शिक्षा प्रदान करना है।

विद्यापीठ का जन्म अनेक दृष्टियों से अनूठा है। विद्यापीठ का अस्तित्व किसी शिक्षा-शास्त्री या समाज-सुधारक की निष्ठा और उत्साह का परिणाम नहीं है। न ही यह किसी दानवीर की थैली की रचना है। इसने तो एक प्रफुल्लित पुष्प (शान्ताबाई) की भस्म से निकले हुए किसी कथा के अमर पक्षी की तरह जन्म लिया है। कहना चाहिए कि यह शान्ता बाई के देहावसान से हुई अपूरणीय क्षति की स्वत: सतत पूर्ति है। उनका अनन्त प्रेम ही समस्त विचारों और कार्यो का स्रोत रहा है एवं चित्त शक्ति ही प्रेरक शक्ति रही है।

6 अक्टूबर 1935 को श्रीमती रतन शास्त्री और पण्डित हीरालाल शास्त्री (पूर्व सचिव गृह एवं विदेश मंत्रालय) ने अपनी होनहार एवं प्रतिभाशाली पुत्री शान्ता बाई के अकस्मात् निधन से हुई रिक्ति के लिए वनस्थली विद्यापीठ की स्थापना की। उनकी उससे बहुत उच्च आकांक्षाएँ थीं कि वह बड़ी होकर महिलाओं को सशक्त बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भागीदारी निभायेगी। प्रत्येक विद्यार्थी में शिक्षा के द्वारा सहिष्णुता और अच्छी समझ विकसित करने के लिए विद्यापीठ प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्हें अपनी वास्तविक क्षमता को पहचानने में निर्देशन का कार्य भी करती है।

यहाँ छात्राओं को जिम्मेदार होना सिखाया जाता है। विद्यापीठ प्रारम्भ से ही इस बात के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है कि छात्राएँ अपनी उच्च से उच्च शैक्षिक क्षमताओं को प्राप्त करते हुए अपने व्यक्तित्व का समुचित व सर्वांगीण विकास करें।

विद्यापीठ का उद्देश्य है कि उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने हेतु ऐसे परामर्शदाता उपलब्ध करायें, जो छात्राओं के जीवन को लीक से हटाकर एक स्वतंत्र और नवीन दृष्टि प्रदान कर सके ताकि छात्राएँ अपने वातावरण और अपने से सम्पर्क में आने वालों पर अपनी अमिट छाप छोड़ सकें।

विद्यापीठ का कार्य महिला शिक्षा के क्षेत्र में अपने आप में अनूठा है और यह कार्य न तो पूर्णरूपेण परम्परागत है न सामाजिक वरन् दोनों का विशिष्ट सम्मिश्रण है। विद्यापीठ की शिक्षा छात्राओं को अज्ञानता की बेड़ियों से मुक्त कर उन्हें प्रबुद्धता की ओर अग्रसर करने का प्रयत्न कर रही है।

# Banasthali Vidyapith
## University for Women: University with a difference

Banasthali Vidyapith is a national institution imparting education to girls from nursery to Ph.D level.

This institution provides the perfect ambience for imparting education. Banasthali Vidyapith aims at inspiring students to be enthusiastic life-long learners and instills a firm foundation based on an understanding of Indian culture, society and values. It has formulated the aim of its educational effort in terms of harmonious synthesis of the spiritual heritage and the scientific achievement of the East and West.

The origin of Banasthali is unique in more ways than one. The Vidyapith owes its existence neither to the zeal of an educationist nor to that of a social reformer. It is also not a creation of philanthropist's purse. It has arisen like the fabled phoenix from the ashes of a blossoming flower Shantabai that had withered before its bloom. It is a spontaneous filling of the vacuum caused by Shantabai's death. Her eternal love has been the fountainhead of all the thinking and action and this spirit has been the motivating force.

It was on October 6, 1935 that Smt. Ratan Shastri and Pandit Hiralal Shastri (Former Secretary in the home and foreign department) founded Banasthali Vidyapith to fill up the vacuum caused by the sudden death of their highly talented and promising daughter Shantabai. They had a high expectation that she would work for women's cause of growing up.

Guiding each student to achieve her true potential the Vidyapith ensures that every student develops tolerance and understanding as an integral part of learning at residential schools.

Students are taught to be caring and responsible in their actions. Right from its establishment Banasthali Vidyapith strives to prepare students capable of achieving the ultimate academic potential along with shaping a well developed and complete personality.

Vidyapith aims at providing educational excellence with mentors who desire to make a difference in the lives of students by carving them into successful individuals who will make a difference to the environment and the group they are associate with.

Banasthali's work in the field of women's education has been of a special type. It can neither be classified as a routine type of work nor a social type of work but a unique blending of the two. Education at Banasthali is such that it liberates the human






# पंचमुखी शिक्षा

विद्यापीठ की शिक्षा-पद्धति पंचमुखी है। छात्राओं के चहुँमुखी विकास के लिए उसने पंचमुखी शिक्षा ईज़ाद की है। जिनमें निम्नलिखित बिन्दु समाविष्ट हैं -

**शारीरिक शिक्षा -** विद्यापीठ के उद्भव के समय से ही शारीरिक शिक्षा, शिक्षा-कार्यक्रम का अभिन्न अङ्ग रही है। दैनिक खेलों जैसे- बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, फुटबाल, हॉकी, जूडो, रोपमल्लखम्भ आदि के अतिरिक्त घुड़सवारी, तैराकी, परेड, उड्डयन तथा भारतीय पारम्परिक खेल विद्यापीठ की विशेषता रही है।

हमारी छात्राएँ भारतीय वायुसेना में भी सेवारत हैं। छात्राएँ एयर इण्डिया, स्पाइस जेट, जेट एयरवेज में विमानचालक तथा प्रबन्धक का कार्य कुशलतापूर्वक कर रही हैं। वनस्थली विद्यापीठ ग्लाइडिंग एण्ड फ्लाइंग क्लब वैश्विक महिला उड्डयन संस्थान (iWOW) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

**व्यावहारिक शिक्षा -** आरम्भ से ही विद्यापीठ हस्त-कलाकौशल को महत्त्व देता रहा है। प्रायोगिक शिक्षा जैसे- शिवोरी रंगाई, पेपर मेशी, ज़रदौजी, परिधान-डिजाइन, वस्त्र-आकल्पन, ब्लाक प्रिंटिंग, वुड-क्राफ्ट, पाक कला आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही रेडियो जॉकी, टी.वी.एंकरिंग, ऑडियो वीडियो प्रोडक्शन विधाएँ भी सम्मिलित हैं। सफाई-धुलाई तथा श्रमदान जैसे कार्यों के प्रति निष्ठा उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है।

**कला-विषयक शिक्षा -** संगीत (गायन-वादन, सितार, सरोद, वॉयलिन, गिटार, तबला), नृत्य (कत्थक, भरत नाट्यम् मणिपुरी, राजस्थानी) व नाटक जीवन में रंग भरकर और विविध आयाम देकर उसे समृद्ध बनाते हैं। ये कलात्मक शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। पेन्टिंग्स एवं फ्रेस्को छात्राओं में सौन्दर्यबोध को विकसित करते हैं। विद्यापीठ का अपना शास्त्रीय संगीत का समृद्ध व निराला वाद्य वृन्द भी है।

**नैतिक शिक्षा -** नैतिकता मनुष्य के व्यक्तित्व का एक ऐसा गुण है, जो उसके विचार और क्रियाकलापों को प्रभावित करता है। इसे प्रत्यक्ष नैतिक उपदेश के द्वारा इतना सजीव तथा विकसित नहीं किया जा सकता, जितना कि जीवन के वास्तविक अनुभवों और जिम्मेदारियों को उनके साथ बाँटने से। विभिन्न वक्ताओं के द्वारा नैतिक साप्ताहिक वार्ता, सामूहिक प्रार्थना-सभाओं के द्वारा सभी धर्मों के प्रति समन्वय व सम्मानित दृष्टि विकसित करना विद्यापीठ की दैनिक चर्या में सम्मिलित है।

विद्यापीठ में नैतिक शिक्षा देने की अपनी अनूठी पद्धति है। प्रातः और सायं प्रार्थनाओं का प्रसारण होता है, जिनमें रामायण-पाठ, वेद-मंत्रों का उच्चारण, गीता-श्लोक, कुरान की आयतें, बाइबिल और गुरु ग्रन्थ साहिब के पद व भजन सम्मिलित हैं, जो कि सर्वधर्म समभाव में हमारी गहरी आस्था और विश्वास को दर्शाते हैं। सभी धर्मों के त्यौहार भी मनाए जाते हैं।

छात्राओं के व्यक्तित्व के निर्माण में विद्यापीठ का शांत व सौम्य वातावरण तथा चरित्रवान और कर्मठ कार्यकर्ताओं का जीवन महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

**बौद्धिक शिक्षा -** आधुनिकतम प्रौद्योगिकी एवं संसाधन से सुसज्जित कक्षा-कक्ष शिक्षण, समृद्ध पुस्तकालय, वाचनालय, शैक्षिक प्रोजेक्ट्स, छात्रा-परिषदें, वाद-विवाद समूह, छात्रा-समूह, छात्राओं की बौद्धिक क्षमता को निखारते हैं। प्रारम्भ से ही भाषा व गणित के अतिरिक्त प्राकृतिक व सामाजिक-विज्ञान का अध्ययन भी कराया जाता है। छात्राओं के बौद्धिक विकास में विश्व इतिहास के ज्ञान की महती भूमिका है। शैक्षिक भ्रमण, पर्व, मेले, विषय-आधारित प्रदर्शनियाँ, विभिन्न विषयों से सम्बन्धित एकांकी-नाटक, चार्ट्स, मॉडल्स का प्रयोग तथा छात्राओं द्वारा तैयार मल्टीमीडिया प्रेजेन्टेशन, शैक्षिक खेल आदि के माध्यम से छात्राओं को ज्ञान दिया जाता है। विद्यापीठ की शिक्षा पद्धति केवल परीक्षा पर आधारित नहीं है, वरन् यह छात्राओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास पर केन्द्रित है।





# Panchmukhi Shiksha







mind from the bondage of ignorance and leads it towards enlightenment.

For all round development of the student Vidyapith has evolved a system of five fold education comprising the following aspects.

**1. Physical:** The Vidyapith has always accorded an important place to physical education in its educational programme.To begin with, its programme of physical education comprises indigenous games swimming, horse riding, Parade (Bulbul, Guiding, N.C.F.) gymnastics and yogic exercises, the field in which it earned a statewide reputation.

Vidyapith also established its flying club, rifle shooting etc. In flying two of our students got private pilot's license and many qualified for solo flight. The students participate in tournaments at various levels and have won not only individual prizes but also championship.

**2. Practical Education:** From the very beginning Vidyapith has placed proper emphasis on the practical side of our educational programme. Under practical education- Sanganery Printings, Tie and Dye, Boutique, Tailoring, Embroidery, Cooking, Craft, Paper-mache, Radio Jockey, T.V. anchor, Audio Video production etc are included. Students are encouraged to perform cleaning washing and collective Shramdaan.

**3. Aesthetic:** Music (vocal and instrumental), sitar, Sarod, Voilin, guitar, tabla, dance (Kathak, Bharatnatyam Manipuri, Rajasthani) and drama add colour, variety and richness to life. They are an integral part of art education. Paintings including fresco work develop an aesthetic sense among the students. We have a full – fledged orchestra of classical instrumental music & Rajasthani folk Music.

**4. Moral:** Morality is an all embracing quality of human personality affecting one's whole thought and action. It is developed not so much as a result of direct preaching as of sharing actual experiences and responsibility of life.

Respect for all the religions by means of collective prayers and weekly talk by guest speakers based on moral stories are regular features. The unique feature of imparting moral education is through morning and evening prayers held by relay system, which include Ramayan path, recitation of mantras from Vedas Shlokes from Gita, preaching from Quran, bible and Guru Grantha Sahib along with bhajans as we strongly believe in Sarva Dharma Samanavya.

The environment of the institution and personal examples of the staff are also a powerful influence in moulding the character of students. Festivals of all religions are celebrated.

**5. Intellectual:** Class room teaching, efficient library and reading room service, educational projects, students associations and debating societies including student's parliament help in the intellectual development of the Vidyapith students.

Other than language and Mathematics natural and social sciences are taught right from the beginning. Knowledge of world history also occupies a key position in the intellectual development of the Vidyapith students.

Educational tours, festivals, fairs, theme based exhibitions, one act plays related to different subject, use of charts, multimedia presentation prepared by students as well and educational games are some of the ways of imparting knowledge to students. Our system of imparting knowledge is not exam oriented but focuses on the development of overall personality of a child.




वतन्त्रता दिवस










गांधी जयन्ती
प्रश्नोत्तरी
सत्य
अहिंसा
सत्याग्रह








मंगलकामनासमारोह




बाल मेला
सृजनांकुर




BANASTHALI VIDYAPITH
1 RAJ GIRLS BN, NCC
BANASTHALI VIDYAPITH
जनजातीय गौरव दिवस



# विद्यालयी शिक्षा कार्यक्रम

वर्तमान विद्यालयी शिक्षा कार्यक्रम के निम्नलिखित चरण हैं -

**स्तर - कक्षा**

पूर्व प्राथमिक - शिशु

प्राथमिक - 1 से 5

माध्यमिक - 6 से 10

उच्चतर माध्यमिक - 11 से 12 (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय)

छात्र-विद्यालय (शाकुन्तलम्) - 5 से 12 (केवल कार्यकर्ताओं के बच्चों के लिए)

**विशेष कक्षा** - उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न राज्यों से आई हुई छात्राओं को हिन्दी भाषा में दक्ष बनाने के लिए विशेष कक्षाओं की व्यवस्था है। जिससे आने वाले समय में ये छात्राएँ हिन्दी भाषा में निपुण होकर अच्छे संस्थानों में अपना स्थान बना पाएँ।

## मुख्य विद्यालयी शैक्षिक गतिविधियाँ

विद्यालय का यह विश्वास है कि छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है इसलिए पंचमुखी शिक्षा के कार्यक्रमों से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। विद्यापीठ में होने वाली गतिविधियों का मुख्य दृष्टिकोण छात्राओं में शारीरिक, व्यावहारिक, कलात्मक, नैतिक और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित एवं विकसित करना है।

## प्रात: कालीन प्रार्थना सभा

विद्यालय की शुरुआत प्रात: कालीन प्रार्थना 'सा विद्या या विमुक्तये' से आरम्भ होती है। इसमें छात्राएँ बदलते क्रम से, आज का विचार, श्लोक गायन, प्रमुख दैनिक समाचार तथा नवीन जानकारियाँ, तथ्यों व नवीन आविष्कारों से सभी को अवगत कराती हैं।

## छात्रा-संघ

जनतंत्रात्मक समाज में रहने के कारण हमारा यह विशेष दायित्व है कि हम अपनी छात्राओं को कुछ व्यवस्थाएँ सौंपकर उन्हें उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराएँ। इसी संदर्भ में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, तथा कुछ मंत्रियों को चयनित कर उन्हें अनुशासन तथा सांस्कृतिक गतिविधियों आदि की जिम्मेदारी सौंपी जाती हैं।

## सदन व्यवस्था


यह व्यवस्था छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए एक प्रभावशाली सोपान है। छात्राओं को शैक्षिक, सांस्कृतिक व बाह्य गतिविधियों के लिए आठ सदनों में बाँट दिया जाता है। सच्ची खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को विकसित करने के लिए इन सदनों के मध्य अन्त: परिसर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन सदनों का अपना स्टाफ और कप्तान हैं, जिनका विश्वास है कि सदस्यों में आपस में जिम्मेदारियाँ वितरित करने से जिम्मेदारी की भावना, स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना तथा आपसी समझ का वातावरण उत्पन्न होता है।

## बौद्धिक गतिविधियाँ

सांस्कृतिक गोष्ठियों में नाटक, वाद-विवाद, भाषण, कविता-पाठ, कहानी सुनाना, सुलेख, गणितीय प्रश्नोत्तरी, विज्ञान प्रश्नोत्तरी आदि गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। ये प्रतियोगिताएँ नवीन व शिक्षाप्रद होने के कारण हमारे पाठ्यक्रम को समृद्ध बनाती हैं। शिक्षा में हिन्दी माध्यम होने के बावजूद अंग्रेजी भाषा को भी समान महत्त्व दिया जाता है। चारों कौशल- सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना के विकास के लिए छात्राओं को दृश्य-श्रव्य सामग्री व विभिन्न शैक्षिक खेलों की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। शिक्षण को प्रभावी बनाने एवं छात्राओं को स्वस्थ व प्रसन्नचित्त वातावरण उपलब्ध कराने, रुचि जाग्रत करने, तथा तथ्यों के स्पष्टीकरण के लिए आधुनिक शैक्षिक तकनीकों का प्रयोग किया जाता है।

## प्रदर्शनी

विषयाधारित प्रदर्शनियों के माध्यम से समय-समय पर छात्राओं की छुपी प्रतिभा व सृजनात्मकता को निखारने के लिए उन्हें एक मंच प्रदान किया जाता है। इन्हें देखने के लिए छात्राओं तथा वनस्थली के कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त उनके अभिभावकों की भीड़ भी उमड़ पड़ती है। प्रदर्शनियों को हमेशा ही प्रशंसनीय सफलता प्राप्त होती है।





# School Education Programme

Current school education programme comprises the following stages.

**Level : Class**

Pre – primary : Nursery

Primary : 1 to 5

Secondary : 6 to 10

Senior secondary : 11 to 12 (Humanities, Science and Commerce)

Boys' school : 5 to 12 (Only for staff wards)

**Special class:** It is arranged for students coming from different states of Northeast region with an aim to make them conversant and competent in Hindi. In the long run these students become well versed in Hindi and are placed in good institutions.

## Major school activities

The school firmly believes that textual studies are not enough for holistic development of a child, therefore it provides a spectrum of in house activities through its programme of Panchmukhi shiksha. The main thrust of activities at the Vidyapith is visualized to promote the development of the students including physical, practical, aesthetic, moral and intellectual aspects.

## Morning Assembly

A few minutes are spared in the morning assembly time every day and students by rotation give the thought for the day, shloke recitation, important news of the day and impart some information about educational facts and recent discoveries.

## Students' council

If we are to live in a democratic community we



must permit our students to have the experience of governing some of their own affairs. Hence, there is a duly constituted organization of students called Bal-Samiti with some office bearers-president, vice-president and a few ministers to look after discipline, cultural activities and so on.

## House System

The house system is an effective step for the personality development of the student. The entire students population is distributed into eight houses for academic, cultural and outdoor activities. Inter house competitions are organized to inculcate the spirit of competition as well as sportsman spirit.

The houses have staffs and captains and it believes in delegating responsibilities among members to develop a sense of responsibility, a spirit of healthy competition and an atmosphere of friendly maturity.

## Intellectual activities

The cultural symposium includes dramatics, debates, speech, recitation, story telling, hand



## पर्व व मेले

छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय पर्व - गांधी जयन्ती, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाये जाते हैं। भारतीय संस्कृति को प्रकट करने वाले विभिन्न धार्मिक पर्व बड़े उत्साह से मनाये जाते हैं। रक्षा बन्धन के उपलक्ष्य में 'राखी प्रतियोगिता', सावन की तीज के उपलक्ष्य में मेहन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है।

जन्माष्टमी के अवसर पर छात्राओं द्वारा श्री कृष्ण लीला की मनमोहक झांकियाँ आयोजित की जाती हैं। हिन्दी दिवस पर बाल-कवि सम्मेलन और कुछ प्रसिद्ध एकांकी नाटकों का मंचन किया जाता है। इसके अतिरिक्त संस्कृत दिवस, विज्ञान दिवस, गणित-विज्ञान सप्ताह, पोषण सप्ताह आदि भी आयोजित किए जाते हैं।

## उपलब्धियाँ

बाह्य संगठनों द्वारा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में उपलब्धियाँ- कला और निबन्ध लेखन आदि के क्षेत्र में विभिन्न स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय व अन्तर-राष्ट्रीय स्तरों पर होने वाली प्रतियोगिताओं में विद्यालय निरन्तर छात्राओं को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारी छात्राएँ इन सभी स्तरों पर अच्छा प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक, रजत पदक, कांस्य पदक, पुस्तक पुरस्कार, मेरिट योग्यता प्रमाण पत्र आदि प्राप्त करती हैं।

विद्यालय ने लगातार इन प्रतियोगिताओं में विजय हासिल की है।

## विद्यालयी पत्रिकाएँ

'किलकारी', 'तरंग' व 'उड़ान' विद्यालय से प्रकाशित होने वाली पत्रिकाएँ हैं जिनमें छात्राएँ अपने अनुभवों, विचारों और भावनाओं को कविताओं, कहानियों एवं चित्रों के रूप में प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक शक्ति का परिचय देती हैं। ये पत्रिकाएँ विद्यालय का सम्पूर्ण दर्पण हैं।

## पुस्तकालय एवं प्रयोगशालाएँ

